# कार्यालय निदेशक नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ

पत्रांक 255/व0प्रा0सप्ताह (कैम्प)/जू                                    दिनांकः 08 सितम्बर, 2023

सेवा में,

प्रिंसिपल/मैनेजर
समस्त विद्यालय
जनपद –लखनऊ

विषय – नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ में वन्य प्राणि सप्ताह (दिनांक 02 से 08 अक्टूबर, 2023) क आयोजन।

प्रिय महोदय/महोदया

प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी लखनऊ प्राणि उद्यान में वन्य प्राणि सप्ताह 2023 का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इस सप्ताह प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा विद्यालय के छात्र/छात्राओं हेतु वन्य जीव संरक्षण पर आधारित विभिन्न प्रकार के आयोजन/प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है (प्रतियोगिताओं की सूची संलग्न है) इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य प्रतिभागियों में पर्यावरण, वन एवं वन्यजीवों, उनके सरंक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त कराना एवं उनके प्रति अभिरुचि एवं जागरुकता उत्पन्न करना है। इस अवसर पर पूरे सप्ताह प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र/छात्राओं एवं संबंधित शिक्षकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।
अतः आप अपने स्कूल से अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को विभिन्न आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराने के आयोजन में भाग लेने हेतु भेजने का कष्ट करें।
अनुरोध है दिनांक 28.09.2023 तक प्रतिभागी छात्र/छात्रों एवं आध्यापकों की सूची उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि प्रतिभागियों हेतु प्रवेश, बैठने की व्यवस्था एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराने की पूर्ण तैयारी ससमय की जा सकें ।

धन्यवाद।

भवदीय,
08/09/2023
(अदिति शर्मा IFS)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ

**नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान,लखनऊ में वन्य जीव सप्ताह– 2023 पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तावित सूची (02 से 08 अक्टूबर, 2023 तक)**

| दिनांक | दिन | समय | कार्यक्रम | ग्रुप | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 02.10.23 | सोमवार | | मुख्य अतिथि द्वारा वन्यजीव प्राणि सप्ताह का शुभारम्भ। 2मिनट की श्रद्धांजलि, विगत वर्ष में दिवंगत हुए प्राणि उद्यान निवासी रहे जीवों के लिये | समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों को निमंत्रण | प्राणि उद्यान लखनऊ |
| 03.10.23 | मंगलवार | प्रातः 10:00 से 11 बजे | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | कक्षा 6 से 8 तक<br>कक्षा 9 से 12 तक | डक पाउड विजिटर शेड |
| 03.10.23 | मंगलवार | अपराह्न 1:30से 3:30बजे | Animal Fancy Dress Competition like as Rabbit, Bear, Lion etc . | कक्षा 1 से 5 तक | सारस प्रेक्षागृह (3डी हॉल ) |
| 04.10.23 | बुधवार | प्रातः 10:00 से 11:30 बजे | तितली पर आधारित निबंध प्रतियोगिता | कक्षा 6 से 8 तक<br>कक्षा 9 से 12 तक | तितली पार्क |
| 04.10.23 | बुधवार | अपराह्न 01:00 से 02:00 बजे | एनीमल मेकिंग (ओरीगेमी) | कक्षा 6 से 8 तक<br>कक्षा 9 से 12 तक | बारादरी |
| 05.10.23 | बृहस्पतिवार | प्रातः 10 से 12 बजे | काव्य (Poetry)सम्मेलन वन्यजीव पर आधारित | कक्षा 6 से 8 तक<br>कक्षा 9 से 12 तक | सारस प्रेक्षागृह ( 3डी हॉल ) |
| 05.10.23 | बृहस्पतिवार | अपराह्न 3:00 बजे से 4:30 बजे | कठपुतली शो (शिक्षाप्रद) वन्यजीवों पर आधारित | प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा आयोजित | डक पाण्ड विजिटर शेड |
| 06.10.23 | शुक्रवार | प्रातः 10:00 से 11:30 बजे | वन्यजीवों के जबड़े, नाखून और पंजें, जो उन्हें सफल शिकारी बनाते है, की आर्ट प्रतियोगिता Art Competition of Wildlife's Jaws,Claws, and Paws. What makes Them Successful Hunters. | कक्षा 6 से 8 तक<br>कक्षा 9 से 12 तक | बारादरी |
| 06.10.23 | शुक्रवार | अपराह्न 4:00 से 5:00 बजे | वन्यजीव / प्रकृति / पर्यावरण आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता | ओपन वर्ग | प्राणि उद्यान सभा–कक्ष |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 07.10.23 | शनिवार | प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे | वन्यजीव /पर्यावरण पर मेंहदी प्रतियोगिता | कक्षा 6 से 8 तक<br>कक्षा 9 से 12 तक<br>ओपन कैटेगरी | डक पाण्ड विजिटर शेड |
| 07.10.23 | शनिवार | अपराह्न 03:00 से 4:00 बजे | सांस्कृतिक कार्यक्रम | प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा आयोजित | डक पाण्ड विजिटर शेड |
| 08.10.23 | रविवार | समापन समारोह | मुख्य अतिथि द्वारा समापन एवं पुरस्कार वितरण | वन विभाग के अधिकारीगण/कर्मचारीण, शिक्षक, विद्यार्थियो एवं समस्त अतिथियों हेतु | बारादरी |

## समस्त कार्यक्रम वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित होगा

## दिनांक 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर, 2023 (वन्य प्राणि सप्ताह) के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु नियम

### 1– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित वाइल्ड लाईफ क्विज प्रतियोगिता–समय पूर्वाह्न 10:00 से 11:00 बजे तक (डक पाण्ड के निकट विजिटर शेड)

दिनांक 03.10.2023 को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी। प्रतियोगी को वन्य जीवों एवं पर्यावरण विषयक जानकारी होना चाहिए। लखनऊ प्राणि उद्यान के वन्य जीवों से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी भी प्रतिभागियों को होनी चाहिए। इस प्रतियोगिता का परिणाम दिनांक 04.10.2023 को सांयकाल घोषित किया जायेगा। यह प्रतियोगिता डक पाण्ड के निकट विजिटर शेड में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित की जायेगी–

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

प्रश्नोत्तरी पत्र प्राणि उद्यान द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। विद्यालयो को अपनी प्रविष्टि 28.10.2023 तक उपलब्ध करानी होगी।

### 2– वन्य जीव पर आधारित एनिमल फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता (Animal Fancy Dress Competition ) – समय अपराह्न 1:30 से 2:30 बजे तक(सारस प्रेक्षागृह– 3DHall)

दिनांक 03.10.2023 एनिमल फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थी के लिये है प्रतियोगी को अपने शिक्षक अथवा अपने माता पिता के साथ आना होगा अन्यथा प्रविष्टि स्वीकार नहीं होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रविष्टि विलम्बतम 28.09.2023 तक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर उपलब्ध करानी होगी प्रविष्टि में `नाम, कक्षा, विद्यालय का नाम, माता पिता का नाम, शिक्षक का नाम, मो0 नम्बर प्रतियोगी का फोटो के साथ देना होगा। प्रतियोगिता के दिन 1 घण्टे पूर्व (प्रतियोगिता का समय 1:30से 2:30) सारस प्रेक्षागृह में रिपोर्ट करना हैं।

प्रतिभागी प्रतियोगी पूरी तरह तैयार होकर सारस प्रेक्षागृह प्राणि उद्यान लखनऊ में आयेंगे। विजेताओं की घोषणा प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद कर दी जायेंगी।

### 3– वन्य जीव संरक्षण पर आधारित तितली पर निबन्ध प्रतियोगिता – समय पूर्वाह्न 10:00 से 11:30 बजे तक (तितली पार्क)

दिनांक 04.10.2023 को यह कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में तितली पार्क में आयोजित किया जायेंगा। निबन्ध का विषय– तितली यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

विद्यालयो को अपनी प्रविष्टियाँ 28.09.2023 तक प्राप्त करानी होगी। निबंध हेतु Lining paper sheet प्राणि उद्यान द्वारा उपलब्ध करायी जायेंगी। इस प्रतियोगिता का परिणाम दिनांक 05.10.2023 को सांयकाल घोषित किया जायेगा।

4– **वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित स्कूली बच्चों हेतु कागज से एनीमल मेकिंग प्रतियोगिता (ORIGAMI)– समय अपराह्न 01:00 से 02:00 बजे तक (बारादरी)**

**दिनांक 04.10.2023** को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित स्कूली बच्चों हेतु रंगीन कागज से एनीमल मेकिंग प्रतियोगिता (ORIGAMI) बारादरी में आयोजित की जायेंगी। कागज की सहायता से वन्यजीवों को तैयार करना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

विद्यालयो को अपनी प्रविष्टियाँ 28.09.2023 तक प्राप्त करानी होगी। इस प्रतियोगिता हेतु सामग्री (रंगीन पेपर शीट) प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेंगी। विजेताओं की घोषणा प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद कर दी जायेंगी।

5– **काव्य (Poetry) सम्मेलन वन्य जीव पर आधारित– समय पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक (सारस प्रेक्षागृह –3D Hall)**

**दिनांक 05.10.2023** काव्य सम्मेलन की प्रतियोगिता सारस प्रेक्षागृह में की जायेंगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र/छात्रों को **स्वंय द्वारा लिखित** वन्यजीवों से सम्बन्धित कविता का पाठ करना होगा। एक प्रतियोगी के लिये अधिकतम समय 3 मिनट होगा इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

विद्यालयो को अपनी प्रविष्टियाँ 28.09.2023 तक प्राप्त करानी होगी। विजेताओं की घोषणा प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद कर दी जायेंगी।

6– **वन्य जीव संरक्षण पर आधारित कठपुतली कार्यक्रम – समय अपराह्न 3:00 से 4:30 बजे तक (डक पाण्ड विजिटर शेड)**

**दिनांक 05.10.2023** को वन्यजीव पर आधारित कठपुतली कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान की व्यवस्था द्वारा लखनऊ प्राणि परिसर में डक पाण्ड विजिटर शेड में आयोजित किया जायेंगा।

7– **वाइल्ड लाईफ वन्यजीव एवं पर्यावरण पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता– समय पूर्वाह्न 10:00 से 11:30 बजे तक (बारादरी)**

**दिनांक 06.10.2023** को यह प्रतियोगिता वन्यजीवों के जबडें, नाखून और पंजें, जो उन्हें सफल शिकारी बनाते है,(Art Competition of Wildlife's Jaws, Claws, and Paws. What makes them successful Hunters.) विषय पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेंगी। इस प्रतियोगिता हेतु ड्राइंग पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा तथा कलर्स प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। इस प्रतियोगिता का परिणाम दिनांक 06.10.2023 सायंकाल घोषित किया जायेगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेंगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

प्रतियोगी विशेष रूप से ध्यान रखें की विषय पर ही ड्राइंग बनानी है जिस वन्य जीव का चित्रण हो उसका नाम अवश्य लिखें। विद्यालयो को अपनी प्रविष्टियाँ 28.09.2023 तक प्राप्त करानी होगी।

**<u>8–वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता–समय अपराह्न 4:00 से 5:00 बजे तक (प्राणि उद्यान सभाकक्ष)</u>**

**दिनांक 06.10.2023** को वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता का परिणाम लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर के सभाकक्ष में निर्णायक मण्डल द्वारा विजेताओं की घोषणा की जायेगी।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) 18 वर्ष तक

(ब) 18 वर्ष के ऊपर

फोटो स्वीकार किये जाने की अंतिम तिथि 28 सितम्बर, 2023 होगी। फोटो शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्राणि उद्यान लखनऊ में स्वीकार किये जायेंगे।

**<u>नियम–</u>**

1– आयु प्रमाण पत्र हेतु आधार प्रमाण पत्र/ड्राइविंग लाइसेन्स/वोटर आईडी कार्ड एवं हाई स्कूल प्रमाण पत्र की छाया प्रति ।

2– फोटोग्राफी प्रतियोगिता की **थीम– वाइल्ड लाईफ ऑफ इण्डिया होगी।**

3– प्रत्येक प्रतियोगिता की अधिकतम 04 फोटो (कलर/ब्लैक एण्ड वाइट) ही स्वीकार की जायेगी।

4– फोटो को साइज न्यूनतम 8''X10'' तथा अधिकतम 12''X18'' ¼ Unmounted ½ होगा।

5– प्रतियोगी का नाम, पता, आयु वर्ग श्रेणी, शीर्षक तथा फोन नम्बर फोटो के पीछे की ओर लिखा होना आवश्यक होगा।

6– फोटोग्राफी प्रतियोगी द्वारा स्वयं खीचें गए फोटो ही देने होगें यदि उन फोटोग्राफ पर कोई और व्यक्ति दावा करता है तो निर्णायक मडल का निर्णय अंतिम होगा ।

**<u>9–वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता–समय पूर्वाह्न 10:00 से 11:30 बजे तक (डक पाण्ड विजिटर शेड)</u>**

**<u>दिनांक 07.10.2023</u>** को विषय– **वन्यजीवों एवं पर्यावरण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता** लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में डक पाण्ड विजिटर शेड में आयोजित की जायेंगी। प्रतियोगियों को मेंहदी लगाने हेतु पार्टनर की व्यवस्था स्वयं करनी होगी, स्वयं के हाथ पर भी मेंहदी लगाते हुऐ भाग प्रतिभाग किया जा सकता हैं। समस्त प्रतिभागियों को मेंहदी प्रतियोगिता हेतु सामग्री स्वयं लानी होगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो मे आयोजित की जायेंगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी

(ब) कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी

(ग) ओपेन वर्ग

विजेता प्रतिभागीयों के परिणाम की घोषण प्रतियोगिता समाप्ती के उपरान्त निर्णायक मण्डल द्वारा कर दी जायेंगी।

**10– वाइल्ड लाईफ वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम–समय अपराह्न 3:00 से 4:00 बजे तक ( डक पाण्ड विजिटर शेड )**

**दिनांक 07.10.2023** को वन्यजीव एवं पर्यावरण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान की व्यवस्था द्वारा लखनऊ प्राणि परिसर में डक पाण्ड विजिटर शेड में आयोजित किया जायेंगा।

**11– वन्य जीव संरक्षण पर आधारित मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण – समापन समारोह**

**दिनांक 08.10.2023** को मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम लखनऊ प्राणि उद्यान की व्यवस्था द्वारा लखनऊ परिसर में बारादरी में आयोजित की जायेगी।

**प्रतियोगिताओं हेतु अन्य नियम –**

- समस्त प्रतियोगिताएं कार्यक्रम सूची में उल्लिखित निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित की जायेगी। अतः प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्धारित तिथि को निर्धारित समय से एक घन्टा पूर्व अवश्य उपस्थित हो जायें।
- विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची विलम्बतम 28.09.2023 तक शिक्षा अधिकारी लखनऊ प्राणि उद्यान कार्यालय में पहुँच जानी चाहिये।
- प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग हेतु अधिकतम 6 पुरस्कार होंगें। आवश्यकता पड़ने पर अन्य पुरस्कार निदेशक लखनऊ प्राणि उद्यान के विवके से निर्धारित किये जा सकते हैं।
- कार्यक्रम, नियम (यदि आवश्यक समझा जाये) में परिवर्तन करने का अधिकार निदेशक लखनऊ प्राणि उद्यान के पास सुरक्षित रहेगा।
- प्रत्येक स्कूल/ कॉलेज प्रत्येक वर्ग में अधिकतम 5 प्रतिभागी भेज सकते हैं। कृपया इस बात का ध्यान रखें निर्णायक मण्डल का निर्णय निर्विवाद एवं अंतिम होगा।
- वन्य प्राणि सप्ताह के कार्यक्रमों सम्बन्धित जानकारी नीना कुमार शिक्षा अधिकारी मोबाइल नं0 8005493618 पर एवं वेबसाइट www.lucknowzoo.com प्राप्त की जा सकती है एवं शिक्षा अधिकारी के ई– मेल educationofficerzoolko@gmail.com से पत्र व्यवहार किया जा सकता है।

(अदिति शर्मा IFS)<br>
निदेशक,<br>
नवाब वाजिद अली शाह<br>
प्राणि उद्यान, लखनऊ